आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)

सोमवार 13.01.2025 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- बागेश्वर में उत्तरायणी मेले का शुभारंभ, कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने मेले के माध्यम से स्थानीय व्यापार को बढ़ावा देने पर जोर दिया।
- मकर संक्रांति स्नान के लिए हरिद्वार सहित राज्य के विभिन्न घाटों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए।
- महाकुंभ के शुरू होने पर प्रयागराज के विभिन्न घाटों पर लाखों श्रद्धालुओं ने अमृत स्नान किया।
- सेना प्रमुख ने कहा – उत्तरी सीमाओं पर स्थिति संवेदनशील लेकिन स्थिर। सेना किसी भी प्रतिकूल स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार।
- राज्य निर्वाचन आयोग 23 जनवरी को होने वाले निकाय चुनाव के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम करने में जुटा।

उत्तरायणी मेला– बागेश्वर

पौराणिक धरोहरों को समेटे उत्तराखंड की काशी के नाम से विख्यात बागेश्वर में आज माघ माह में लगने वाले उत्तरायणी मेले का शुभारंभ हुआ। सरयू, गोमती और विलुप्त सरस्वती के संगम पर स्थित शिवनगरी बागेश्वर में उत्तरायणी का ये मेला हर साल लगता है। मेले का उद्घाटन करते हुए कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत ने कहा कि मेले का उद्देश्य स्थानीय व्यापार को बढ़ावा देना है।

जिलाधिकारी आशीष भटगाईं ने कहा कि ऐतिहासिक उत्तरायणी मेले को भव्य तरीके से मनाने के लिए प्रशासन की ओर से हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं।

उत्तरायण मेले के उद्घाटन पर रंग–बिरंगी झांकियां निकाली गईं। झांकियां तहसील परिसर से गोमती पुल, स्टेशन रोड, सरयू पुल होते हुए नुमाइशखेत पहुंची। झांकियों में दारमा के कलाकारों के नृत्य के साथ ही ढोल–दमऊ, भी बजाए गए, स्थानीय कलाकारों और विभिन्न विद्यालयों के छात्रों ने झोड़ा, चांचरी की प्रस्तुति भी दी। झोड़ा–चांचरी और सेना के बैंड के साथ ही छोलिया नृतकों की प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया।

मकर सक्रांति स्नान

हरिद्वार समेत प्रदेश के विभिन्न घाटों पर मकर संक्रांति के पावन पर्व पर श्रद्धालुओं के स्नान के लिए सरकार ने सभी व्यवस्थाएं कर ली हैं। हरिद्वार में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया है। हरिद्वार पुलिस ने श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। पुलिस ने पूरे मेला क्षेत्र को 8 जोन और 48 सेक्टरों में बांटा है। मकर संक्रांति स्नान की तैयारियों को लेकर आज हरिद्वार के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र डोभाल ने बताया कि स्नान के दौरान जाम से निपटने के लिए ट्रैफिक प्लान लागू कर दिया गया है।

महाकुंभ

विश्व का सबसे बड़ा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समागम महाकुंभ आज पौष पूर्णिमा के अवसर पर प्रयागराज में अमृत स्नान के साथ शुरू हो गया। लाखों श्रद्धालु, तीर्थयात्री और आगंतुक गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों के संगम त्रिवेणी के विभिन्न घाटों पर पवित्र डुबकी लगा रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाकुंभ के शुभारंभ पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री ने इसे भारतीय मूल्यों और संस्कृति को संजोने वाले करोड़ों लोगों के लिए एक विशेष दिन बताया।

महाकुंभ में स्नान के लिए उत्तराखंड से जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए राज्य सरकार ने विशेष व्यवस्था की है। इसके लिए हवाई, रोड और ट्रेन यात्रा की व्यवस्था की गयी है।

सेना प्रमुख

सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा है कि देश की उत्तरी सीमा पर स्थिति संवेदनशील लेकिन स्थिर बनी हुई है। उन्होंने कहा कि सेना किसी भी प्रतिकूल स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है और सीमावर्ती क्षेत्रों में मजबूत बुनियादी ढांचे का निर्माण भारतीय सेना की प्राथमिकता है।

आज नई दिल्ली में भारतीय सेना की वार्षिक प्रेस कॉन्फ्रेंस में जनरल द्विवेदी ने कहा कि जम्मू–कश्मीर में स्थिति नियंत्रण में है और राज्य में पर्यटन बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष मारे गए कुल आतंकवादियों में से 60 प्रतिशत पाकिस्तान मूल के थे। श्री द्विवेदी कहा कि इस क्षेत्र में हिंसा की घटनाओं में काफी कमी आई है और जम्मू–कश्मीर के लोग शांति चाहते हैं।

निकाय चुनाव सुरक्षा

राज्य निर्वाचन आयोग 23 जनवरी को होने वाले निकाय चुनाव के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम करने में जुटा है। सुरक्षा के मद्देनजर यात्रा मार्गों पर सघन पुलिस चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में चंपावत जिले में निकाय चुनाव निष्पक्ष संपन्न कराने के लिए व्यापक पुलिस बंदोबस्त किए गए हैं। जिला पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने बताया कि निकाय चुनाव निष्पक्ष संपन्न कराने के लिए जिले में 8 स्थानों पर बैरियर लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार संवेदनशील मतदान केंद्रों पर फोर्स तैनात की जाएगी।

वहीं, चमोली जिले में जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप तिवारी की अध्यक्षता में मतगणना कार्मिकों का पहला रेंडमाइजेशन किया गया। जिले में निकाय चुनाव की मतगणना 25 जनवरी को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज गोपेश्वर में होगी। 10 निकाय क्षेत्रों की मतगणना के लिए 35 टेबल लगाए जाएंगे। प्रत्येक टेबल पर एक मतगणना सुपरवाइजर तथा तीन मतगणना सहायक रहेंगे। मतगणना के लिए रिजर्व सहित 46 मतगणना टीम बनाई गई है।

नगर स्थानीय निकाय निर्वाचन

नगर स्थानीय निकाय निर्वाचन के अंतर्गत राज्य निर्वाचन आयुक्त कार्यालय में आज सामान्य प्रेक्षकों की बैठक आयोजित की गई। ये जानकारी देते हुए आकाशवाणी से बातचीत में निर्वाचन आयुक्त सुशील कुमार ने बताया कि प्रेक्षकों को स्थानीय निकायों की सामान्य जानकारियां दी गयी।

पौड़ी दुर्घटना

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पौड़ी बस दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को चार–चार लाख रुपये तथा गंभीर रूप से घायलों को एक–एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी पौड़ी से अस्पताल में भर्ती घायलों की स्थिति की जानकारी लेते हुए समुचित उपचार उपलब्ध कराने पर जोर दिया है। श्री धामी ने घायलों को आवश्यकता पड़ने पर हायर सेंटर रेफर करने के भी निर्देश दिए हैं।

लोहड़ी

आज लोहड़ी का त्यौहार है। लोहड़ी से सर्दियों की लंबी रातों का क्रम घटता है और गर्मियों के लंबे दिनों की शुरुआत होती है, क्योंकि सूर्य आज से उत्तरी गोलार्ध की ओर अपनी यात्रा आरंभ करता है। लोहड़ी के त्यौहार में अलाव जलाने की परंपरा रही है, जो बुरी शक्तियों के नष्ट होने और सौभाग्य के आगमन का प्रतीक मानी जाती है। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को लोहड़ी पर्व की शुभकामनांए दी है। लोहड़ी पर्व जारी एक संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्व जीवन में नई ऊर्जा का संचार करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपसी भाईचारे और सद्भाव का यह पर्व हम सभी के जीवन में सुख, समृद्धि व खुशहाली लाए।